वर्तमान नियंत्रक-महालेखापरीक्षक

श्री गिरीश चंद्र मुर्मू

भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक

श्री गिरीश चन्द्र मुर्मू ने 8 अगस्त 2020 को भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक के रूप में कार्यभार ग्रहण किया।

इससे पूर्व श्री मुर्मू जम्मू एवं कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र के पहले उपराज्यपाल थे। जम्मू एवं कश्मीर में कार्यभार ग्रहण करने से पहले श्री मुर्मू ने भारत सरकार में विभिन्न पदों पर कार्य किया जैसे व्यय विभाग के सचिव, वित्तीय सेवा विभाग और राजस्व विभाग में विशेष और अतिरिक्त सचिव, तथा व्यय विभाग में संयुक्त सचिव। केन्द्र में अपने कार्यकाल से पहले, श्री मुर्मू ने गुजरात राज्य सरकार में महत्त्वपूर्ण कार्य किए हैं। उनको प्रशासनिक, आर्थिक और अवसंरचना के क्षेत्रों में व्यापक अनुभव प्राप्त है।

श्री मुर्मू उत्कल विश्वविद्यालय से राजनीति विज्ञान में स्नातकोतर हैं। उन्होंने बर्मिंघम विश्वविद्यालय से एमबीए की डिग्री प्राप्त की है। वे भारतीय प्रशासनिक सेवा, गुजरात काडर के 1985 बैच के अधिकारी हैं।

श्री मुर्मू का जन्म 21 नवम्बर 1959 को उड़ीसा के मयूरभंज जिले में हुआ। डाक्टर स्मिता मुर्मू उनकी पत्नी हैं। उनकी एक पुत्री रूचिका मुर्मू और एक पुत्र रूहान मुर्मू हैं।

श्री मुर्मू अपने खाली समय में भारतीय क्लासीकल/सूफी संगीत सुनना पसंद करते हैं, एमातोर फोटोग्राफी और स्कैचिंग/पेंटिंग करते हैं। वे नियमित रूप से जिम भी जाते हैं।